डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(नेशनल अकादमी ऑफ़ लेटर्स)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ. 16 / 14

11 अगस्त 2017

प्रिय साथी,

आपको जानकर प्रसन्नता होगी कि साहित्य अकादेमी देश की स्वतंत्रता की 70वीं वर्षगाँठ के अवसर पर **15 अगस्त 2017** को **'मेरे लिए स्वतंत्रता का अर्थ'** विषय पर एक परिसंवाद का आयोजन **सायं 4.00 बजे**, रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़ शाह मार्ग, स्थित सभाकक्ष में कर रही है।

जैसा कि आप जानते है स्वतंत्रता की अवधारणा एवं दर्शन को अनेक तरह से समझा और अभिव्यक्त किया गया है – विशिष्ट जीवन परिस्थितियों में वैयक्तिक स्वतंत्रता और आत्मा की मुक्ति से लेकर किसी ख़ास भौगोलिक क्षेत्र की विदेशी शासन से मुक्ति तक, आदि–आदि। आज़ादी की 70वीं वर्षगाँठ ने हमको एक अवसर दिया है कि हम आज़ादी को विभिन्न परिप्रेक्ष्य में देखें और जानें। इस परिसंवाद में देश के जाने माने लेखक, संपादक, पत्रकार और बुद्धिजीवी भाग ले रहे हैं। ये सभी, अपने–अपने क्षेत्रों में उनके लिए स्वतंत्रता का क्या अर्थ है, विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। प्रमुख वक्ता हैं – केकी. एन. दारूवाला, चित्रा मुद्गल, असग़र वजाहत, लीलाधर मंडलोई, प्रयाग शुक्ल, गीतांजलि श्री, शरण कुमार लिंबाले, मालन वी. नारायणन, वेंकटेश रामकृष्णन, अनंत विजय, मुकेश भारद्वाज, अभय कुमार दुबे, नलिनी, श्यौराज सिंह बेचैन एवं समीर तांती।

मेरा अनुरोध है कि इस महत्त्वपूर्ण आयोजन में आप भी शामिल हों और अपने समाचार पत्र / पत्रिका / चैनल के संवाददाता को इसकी रिपोर्टिंग / कवरेज करने के लिए भेजने का अनुग्रह करें। इसके लिए हम आपके आभारी रहेंगे।

सादर, शुभकामनाओं सहित।

आपका,

(के. श्रीनिवासराव)

संलग्न : निमंत्रण पत्र

रवीन्द्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone : +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax : +91-11-2338 2428
E-Mail : secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website : http//www.sahitya-akademi.gov.in